का.ज्ञा. सं. 10/02/2011-ई.III/ए

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

नई दिल्ली, 19 मार्च 2012

विषय- **केन्द्रीय सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियमावली 2008 - के.सि.से.(पु.वे.) नियमावली 2008 के नियम 10 के अंतर्गत पुनरीक्षित वेतन संरचना में अगली वेतनवृद्धि की तारीख के संबंध में।**

के.सि.से.(पु.वे.) नियमावली 2008 के नियम 10 के प्रावधानों के अनुसार वार्षिक वेतनवृद्धि की एक समान तारीख होगी जो प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई होगी। पुनरीक्षित वेतन संरचना में 1 जुलाई को छः माह अथवा उससे अधिक की अवधि पूर्ण करने वाले कार्मिक वेतनवृद्धि पाने के पात्र होंगे। जिन कार्मिकों की वार्षिक वेतनवृद्धि की तिथि 1 जुलाई 2006 से 1 जनवरी 2007 के बीच थी, 1.1.2006 को पुनरीक्षित वेतनमान में उनका वेतन निर्धारण होने के उपरांत 1.7.2006 को उन्हें पहली वेतनवृद्धि दी जाएगी।

2. इस मामले में स्टाफ साइड ने अभिवेदन प्रस्तुत किए हैं और यह अनुरोध किया है कि जिन कार्मिकों की वार्षिक वेतनवृद्धि 2006 में फरवरी से जून के बीच में देय थी, उन्हें पुनरीक्षण-पूर्व वेतनमान में 1.1.2006 को एक वेतनवृद्धि प्रदान की जाए।

3. मामले पर आगे विचार करते हुए और के.सि.से.(पु.वे) नियमावली 2008 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति महोदय यह निर्णय देते हुए प्रसन्नता व्यक्त करते हैं कि इस नियमावली के नियम 10 के प्रावधान में छूट देते हुए केन्द्र सरकार के उन कर्मियों, जिन्हें फरवरी से जून 2006 के बीच वार्षिक वेतनवृद्धि प्राप्त होनी थी, को एक बार लाभ देते हुए, 1.1.2006 को पुनरीक्षण-पूर्व वेतनमान में एक वेतनवृद्धि प्रदान कर दी जाए; इसके उपरांत के.सि.से.(पु.वे) नियमावली 2008 के नियम 10 के अनुसार वे 1.7.2006 को अगली वेतनवृद्धि पुनरीक्षित वेतनमान में प्राप्त करेंगे। पात्र कार्मिकों का वेतन तद्नुसार पुनर्निर्धारित कर लिया जाए।

4. जहां तक भारतीय ऑडिट एवं लेखा विभाग के कार्मिकों का संबंध है, ये आदेश नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के परामर्श से जारी किए गए हैं।

ह/-

**(रेनु जैन)**

**निदेशक**

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक वितरण सूची के अनुसार)
2. श्रीमति ममता कुंद्रा, सं.स.(स्थापना), का.एवं.प्र.विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली
3. निदेशक (जेसीए), का.एवं.प्र.विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली
4. राष्ट्रीय सूचना केन्द्र को इस निवेदन के साथ कि इसे वित्त मंत्रालय की वेबसाइट पर पोस्ट कर दें।

भारत सरकार / GOVT. OF INDIA
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय /
M/o Environment, Forest and Climate Change
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी / Indira Gandhi National Forest Academy
डाकघर- न्यू फॉरेस्ट, देहरादून / P.O. New Forest - 248006
दूरभाष/Ph.- 0135-2757316 / फैक्स/Fax- 0135-2757314

पत्रांक/ L.No.- /2015-NFA/12(Accnt) दिनांक/Dated: /04/2015

To,

O/o The Principal Chief Conservator of Forests
Govt. of Orissa
Aryan Bhavan, Plot No. G.D. 2/12,
Chandersekharpur, Bhuvaneshwar – 751016
Orissa

Sub: **Payment of salary and travelling allowances in r/o IFS (Prob.) – regarding.**

Sir,

Kindly refer to this academy's reminder-xii, bearing no. 126/एन.एफ.ए./12-लेखा dated 18.04.2013 (copy enclosed), vide which it was requested to make the payment of ` 1,71,26,559/- incurred by this academy on account of Salary, Transportation Allowance, LTC etc during the training in r/o IFS Probationers of 1994-1997 batch to 2010-12 batch.

All audit queries have to be settled before the internal audit is started, which is scheduled to be carried out from 25.05.2015 to 29.05.2015 at IGNFA. Last outstanding amount is ` 1,71,26,559/-, whereas the expenditure incurred on 2011-13 batch amounts ` 43,71,987/- which comes to a total sum of ` 2,14,98,546/-.

Therefore, it is requested to kindly arrange payment of ` 2,14,98,546/- through Bank Demand Draft or E-Payment in the name of the Director, Indira Gandhi National Forest Academy, Dehradun payable at Union Bank of India, Dehradun branch. The details of the bank account is appended hereunder –

1. Name of the individual : Director, Indira Gandhi National Forest Academy, Dehradun
2. Name of the Bank : Union Bank of India
3. Name of Branch : F.R.I. Dehradun
4. Current Account No. : 496901010019002
5. MICR Code : 248026003
6. IFSC Code : UBINO549690

Encl: Xerox of Debit Schedule Register
(Page 363 to 370)

Yours faithfully,

**Director,**
**Indira Gandhi National Forest Academy**

**भारत सरकार / Government of India**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**M/o Environment, Forest and Climate Change**
**इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी / Indira Gandhi National Forest Academy**
**डाकघर- न्यू फॉरेस्ट, देहरादून / P.O. New Forest, Dehradun - 248006**
**दूरभाष/Ph.- 0135-2757316 / फैक्स/Fax- 0135-2757314,**
**वेबसाइट/website- www.ignfa.gov.in / ई.मेल/email- director@ignfa.gov.in**

संख्या/No.- /2015-रा.व.अ./40.01(कंचन देवी) दिनांक/Dated: /04/2015

## कार्यालय आदेश / OFFICE ORDER

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के कार्यालय आदेश संख्या- 12026/07/2010-आई.एफ.एस.-I दिनांक 10.07.2013 के अनुसरण में, श्रीमती कंचन देवी, भा.व.से. (म.प्र.-1991), अपर प्राध्यापक, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून को एतद्द्वारा आज दिनांक 27.04.2015 (अपराह्न) से इस अकादमी से इस निदेश के साथ कार्यभार-मुक्त किया जाता है कि वे प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्य-प्रदेश, भोपाल के कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने हेतु उपस्थित होंगी।

**(आलोक सक्सेना/ALOK SAXENA)**
अपर निदेशक/Additional Director
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी / IGNFA

सूचनार्थ प्रति-

1. सचिव, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली – 110003
2. वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली – 110003
3. निदेशक, भारतीय वन सेवा प्रभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली – 110003
4. वेतन एवं लेखा अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली – 110003
5. प्रधान सचिव (वन), मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग, वल्लभ भवन, भोपाल – 462004, मध्य प्रदेश
6. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्य प्रदेश, सतपुड़ा भवन, भूतल, भोपाल
7. महालेखाकार (A & E-I), मध्य प्रदेश, लेखा भवन, झांसी रोड, ग्वालियर – 474002
8. श्रीमति कंचन देवी, भा.व.से. (म.प्र.-1991), अपर प्राध्यापक, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी, पो.ऑ.- न्यू फॉरेस्ट, देहरादून
9. लेखा अनुभाग, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी, पो.ऑ.- न्यू फॉरेस्ट, देहरादून – आवश्यक कार्रवाई हेतु
10. व्यक्तिगत फाइल / गार्ड फाइल

अपर निदेशक
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी

संख्या/No. /रा.व.अ.-2015/40.15(पार्ट-VIII)

**कार्यालय निदेशक, / O/o The Director,**

**इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी / Indira Gandhi National Forest Academy**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**

**Ministry of Environment, Forest and Climate Change**

**डाकघर- न्यू फॉरेस्ट, देहरादून / P.O. New Forest, Dehradun - 248006**

दिनांक/Dated: /05/2015

# सूचना / NOTICE

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय आदेश सं. 12026/12/2014-IFS-I दिनांक 20/05/2015 (प्रति संलग्न) के संदर्भ में निम्नलिखित अधिकारियों से निवेदन है कि कृपया इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में प्राध्यापक आईजीएनएफए के पद पर चयन हेतु 19 जून 2015 को प्रात: 9 बजे होने वाली चयन समिति की बैठक में भाग लेने का कष्ट करें –

1. निदेशक, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून
2. महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून
3. निदेशक, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून
4. महानिदेशक, भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून

संलग्नक-

1) कार्या. आ. सं. 12026/12/2014-IFS-I दिनांक 20/05/2015 की प्रति

**सह प्राध्यापक (प्रशासन)**
**इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी,**
**देहरादून**

वितरण-

सभी संबंधित

नाम .......

तारीख : ………….

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

______________

विषय- उप वन संरक्षक के रूप में पदभार संभालने के संबंध में।

संदर्भ- 1. प्र.मु.व.सं. ________ का तारीख _____ का पत्र सं ______

2.

महोदय,

निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरी तारीख ______ को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून से अपना प्रशिक्षण पूर्ण कर कार्यभार मुक्त होने के उपरांत आपके उपर्युक्त पत्र के अनुसरण में आज दिनांक ______(पूर्वाह्न) को _____________ के पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु उपस्थित है।

महोदय के सूचनार्थ रिपोर्ट प्रस्तुत है।

भवदीय,

(                )

______________

सूचनार्थ प्रति –

निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून

# इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी
## न्यू फॉरेस्ट - देहरादून

भारतीय वन सेवा परीक्षा (पाठ्यक्रम: 2015-17)

समय: 2 घंटे पूर्णांक: 75

## विषय- राष्ट्रभाषा हिन्दी

नोट: 1. लिखित परीक्षा के उपरांत मौखिक परीक्षा ली जाएगी। Written exam will be followed by viva-voce.
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। All questions are compulsory.
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। All questions carry equal marks.
4. उत्तर पुस्तिका में कहीं भी अपना नाम न लिखें। Do not write your name anywhere on answer-booklet.

प्रश्न 1: **निम्न में से किसी एक गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए –**

i) God has made humans as a combination of vices and virtues. To live harmoniously in the society, one must strive to cause as less inconvenience to others as possible. On the contrary, practicing honesty, altruism, tolerance, hard work, compassion, forgiveness and patriotism makes a man's existence meaningful, congenial, and worthy of praise. Sant Kabir, Madame Curie, Ishwar Chandra Vidyasagar, Swami Vivekananda, Mahatma Gandhi are some of these individuals whose contribution to human well being will remain indelible in the sands of time. Some wicked members of the society lack human values and professional ethics, and lead the masses the wrong way. A person of high morals and ethical values is much less likely to be affected by the worldly temptations.

ii) India celebrates the Republic Day every year on the 26th of January from 1950 when Constitution of India came into force. Republic day in India is of the great importance in the history as it tells us all about each and every struggle of Indian freedom. People who were fighting for Independence of India took a pledge on the same day in 1930 at the banks of Ravi river in the Lahore to achieve a complete independence of India. Which came true in 1947 on 15th of August.

On 26th of January in 1950 our country, India was declared as an independent femocratic republic. It is celebrated by organizing a big event with special parade at the Rajpath, New Delhi in the presence of the President of India by unfurling the National Flag and singing the National Anthem.

क्रमशः .... contd…

प्रश्न 2: **निम्न में से किसी एक गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए –**

i. भारत में वनों के वैज्ञानिक प्रबंधन का इतिहास 1864 से आरंभ होता है जब सर डायट्रिच ब्रैंडिस भारत के पहले वन महानिरीक्षक के रूप में नियुक्त हुए। इसी के साथ वनों के सर्वेक्षण, सुरक्षा और प्रबंधन के लिए एक अलग विभाग की स्थापना की गई। सर डायट्रिच ब्रैंडिस ने देश में वनों के प्रशासन और उनके संरक्षण में सहायता के लिए पूर्णत: योग्य एवं वैज्ञानिक ढंग से प्रशिक्षित अधिकारियों के कैडर की आवश्यकता को पहचाना। उन्होंने देश के वनों के प्रबंधन में प्रशिक्षित वन अधिकारियों को लगाये जाने की सिफारिश की। उनकी इसी सिफारिश के आधार पर मि. विलियम श्लिच और मि. रिबनट्रॉप को वर्ष 1868 में इम्पीरियल फॉरेस्ट सर्विस में विशेष सहायक संरक्षकों के रूप में भर्ती किया गया। वन सेवा में भर्ती होने वाले अधिकारियों का फ्रांस और जर्मनी में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाने लगा।

ii. भारत को पृथ्वी पर स्वर्ग के रूप में जाना जाता है और हमारे हरे-भरे वन इसे और अधिक सुंदर एवं आकर्षक बनाते हैं। ये वन हमारी न जाने कितनी आवश्यकताओं की पूर्ति करते आ रहे हैं, चाहे वह पीने के लिए शुद्ध जल हो, स्वच्छ वायु हो या इलाज के लिए आवश्यक औषधीय पौधे।
प्राचीन काल से ही हम अपने वनों के प्रति संवेदनशील रहे हैं। हमारी मान्यता रही है कि पृथ्वी की उर्वरता की रक्षा इस प्रकार की जानी चाहिए कि उससे प्राप्त की गई उपज की भरपाई शीघ्र हो जाए और हमारे किसी कार्य से उसे कोई हानि न पहुंचे। आधुनिक विज्ञान इसे ही सस्टेनेबल डेवलपमेंट के नाम से जानता है।

प्रश्न 3- **निम्नलिखित में से किन्हीं 15 के हिन्दी रूप लिखिए –**

1. In-toto
2. On behalf of
3. Extraordinary leave
4. Quality control
5. Earned leave
6. In general
7. In lieu of
8. Official Language
9. Waiting list
10. Demi-Official Letter
11. Per capita
12. Casual Leave
13. No objection certificate
14. Prima facie
15. Terms and conditions
16. Synopsis of the case
17. Action is underway
18. Secretary
19. Public Information Officer
20. Kept in abeyance

प्रश्न 4- **निम्नलिखित में से किन्हीं 15 के अंग्रेजी रूप लिखिए –**

1. अधिसूचना
2. फैक्ट्री
3. ज्ञापन
4. व्यावहारिक ज्ञान
5. मामला विचाराधीन है
6. मैं सहमत हूँ
7. कृपया पावती भेजिए
8. आदेश के लिए प्रस्तुत है
9. भारतीय वन सर्वेक्षण
10. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना
11. वनोपज
12. कृपया चर्चा करें
13. कल्याण अधिकारी
14. महाप्रबंधक
15. अंतरराष्ट्रीय
16. मुख्य वन संरक्षक
17. प्रशासनिक अधिकारी
18. निदेशक
19. स्पष्टीकरण
20. वानिकी

प्रश्न 5- **निम्न में से केवल एक करें –**

1. अपने पिता अथवा अन्य किसी संबंधी के नाम एक पत्र लिखें जिसमें अकादमी और हॉस्टल परिसर के विषय में बताते हुए अपने प्रशिक्षण के विषय में सूचित करें।
2. अपनी बीमारी के आधार पर 5 दिन की चिकित्सा-छुट्टी हेतु निदेशक, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी के नाम एक प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करें।

***

# अर्ध सरकारी पत्र / अर्ध शासकीय पत्र

**उद्देश्य/प्रयोजन :** किसी भी मामले पर विशेष ध्यान (व्यक्तिगत ध्यान देकर कार्य के शीघ्र निपटान हेतु)

**किसके लिए :** राजपत्रित अधिकारियों के बीच एवं गैर सरकारी संस्थाओं के अधिकारियों के लिए।

**किन मामलों में :**

1. सामान्यत: समान स्तर के राजपत्रित अधिकारियों के आपसी पत्र-व्यवहार में विचारों या सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए।
2. जब किसी अधिकारी का ध्यान व्यक्तिगत रूप से किसी मामले की ओर दिलाना अपेक्षित हो।
3. किसी विषय पर अधिकारी की निजी सम्मति (अभिमत) के लिए।
4. पत्र प्राप्त करने वाले अधिकारी के कार्यालय से कार्रवाई में अनावश्यक विलंब हो रहा हो।
5. स्मरण पत्र भेजने पर भी उत्तर प्राप्त न हो रहा हो।

**भाषा:**

1. अर्ध सरकारी पत्र की भाषा सरल और सपाट होती है।
2. इसमे उत्तम पुरुष, एक वचन का प्रयोग किया जाता है।
3. भाषा वैयक्तिक एवं मित्रवत होती है।
4. आपका सहयोग चाहता हूँ, आभारी हूँगा, कृतार्थ करें आदि का क्रिया रूपों का प्रयोग होता है। आज्ञा या अनुरोध रहित वाक्यों में 'किया जा रहा है' या 'किया जा चुका है' आदि का प्रयोग किया जा सकता है।

# प्रारूप और कलेवर

अ.स.प.सं. ...................................

प्रतीक चिह्न नाम .....................................

भारत सरकार

पदनाम ...................................

............................... मंत्रालय

दूरभाष .................................

कार्यालय ........................................

ई.मेल ..................................

नई दिल्ली – 1100000000

दिनांक ........................................

प्रिय श्री ..................;;;; जी

............................................................................................................ ...........................................................

............................................................................................................ ..........................................................

............................................................................................................ ..........................................................

............................................................................................................ ..........................................................

............................................................................................................ ..........................................................

सद्भावनाओं सहित,

आपका,

हस्ता....

(नाम)

अबस

पूरा पता

प्रारूप के महत्वपूर्ण बिन्दु :

1. अर्ध सरकारी पत्र का शीर्ष सामान्यत: मुद्रित होता है।
2. मुद्रित अ.स.प. शीर्ष में अ.स.प.सं. सबसे ऊपर दाईं ओर लिखी जाती है।
3. मुद्रित अ.स.प. शीर्ष में प्रतीक चिह्न के दाईं ओर भेजने वाले अधिकारी का नाम, पदनाम व दूरभाष तथा ई.मेल लिखा जाता है।
4. इसमें विषय व संदर्भ नहीं लिखा जाता।
5. संबोधन हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी द्वारा स्वयं लिखा जाता है।
6. संबोधन प्रिय, प्रिय श्री, माननीय श्री, माननीया सुश्री, आदरणीय श्री, आदरणीया सुश्री लिखा जाता है। आदर देने हेतु नाम के बाद वरिष्ठता क्रम में 'जी' भी जोड़ा जाता है।
7. हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी शुभकामनाओं सहित, सद्भावनाओं सहित आदि अनेक शुभसूचक वाक्यांशों को जोड़ता है।
8. अधोलेख के रूप में आपका, भवनिष्ठ, भवनिष्ठा, शुभेच्छु, शुभाकांक्षी आदि लिखते हैं।
9. अ.स.प. प्राप्त करने वाले अधिकारी का नाम, पदनाम, कार्यालय का नाम व पता आदि बाईं ओर नीचे लिखा जाता है।
10. 'सेवा में' लिखना पूर्णत: वर्जित है।

**विशेषताएं –**

1. इसके मसौदे में अपनत्व (निजता) का बोध होता है।
2. अ.स.प. के लिए सामान्यत: विशेष प्रकार के छपे हुए पैड उपयोग में लाए जाते हैं। इसमें रंग संबंधी कोड निम्नानुसार हैं - मंत्री द्वारा भेजे जाने वाले अ.स.प. में राष्ट्रीय प्रतीक व शीर्ष को नीले रंग में, अधिकारी द्वारा भेजे जाने वाले अ.स.प. में राष्ट्रीय प्रतीक व शीर्ष लाल रंग में तथा स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा भेजे जाने वाले अ.स.प. के प्रतीक व शीर्ष हरे रंग में दर्शाए जाएंगे।
3. अ.स.प. एक ही पृष्ठ का होना चाहिए। यदि संदेश लंबा हो तो उसका उल्लेख छोटे एवं सारगर्भित अनुच्छेदों में एक ही पृष्ठ में किया जाना चाहिए। विस्तृत वर्णन के लिए अलग से परिशिष्ट दिया जा सकता है।
4. इसमें संबोधन एवं अधोलेख का विशेष महत्व होता है।

**अर्ध सरकारी पत्रों में प्रयुक्त होने वाले वाक्यों के नमूने –**

1. कृपया हमारा दिनांक .......... का पत्र सं..................................;; देखें।
2. इस मामले पर आवश्यक कार्रवाई करें और शीघ्र परिपत्र जारी करवा दें।
3. इस मामले पर अपने विचारों से शीघ्र अवगत कराएं।
4. आप इस ओर व्यक्तिगत ध्यान दें और अपेक्षित सूचनाएं शीघ्र भिजवा दें।
5. आपके कार्यालय के जिन दो सहायकों को हमारे कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाना है उन्हें शीघ्र कार्यमुक्त कर दें ताकि कार्यालय का काम सुचारू रूप से चल सके।
6. विभागीय पदोन्नति समिति की रिपोर्ट आने तक कृपया इसे रोक कर रखें।
7. आपका दिनांक .................................. का पत्र सं. ............................................ हमारे कार्यालय में नहीं मिल नहा है, कृपया उसकी प्रति भिजवा दें।
8. मामला सहमति के लिए संघ लोक सेवा आयोग के पास भेजा जाना है। कृपया वांछित सूचना शीघ्र भिजवा दें।
9. इस सहयोग के लिए मैं आपका आभारी रहूंगा।

## अपठित गद्यांश – सार लेखन

खनिज तेल के बारे में एक बात और महत्त्व की जान लेना जरूरी है। धरती के नीचे लाखों साल पहले जो तेल जमा हो गया है उसमें अब तनिक भी वृद्धि नहीं हो रही है, अर्थात तेल के कुएं पानी के कुएं नहीं हैं। खनिज तेल का इस्तेमाल हम पिछले करीब सौ सालों से करते आ रहे हैं। इतने ही अर्से में काफी तेज खर्च किया जा चुका है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आगे के दो-तीन सौ वर्षों में संसार के सारे तेल भण्डार समाप्त हो जाएंगे। तब तेल भी एक दुर्लभ चीज हो जाएगा। इसलिए खनिज तेल को हमें बड़ी सावधानी से खर्च करना होगा। उपयोगी रसायनों और दवाइयों के लिए तेल को बचाए रखना जरूरी है।

प्रश्न 1. उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
2. अपठित गद्यांश का सार लिखिए।
3. तेल भविष्य में दुर्लभ वस्तु क्यों हो जाएगा ?


## अपठित गद्यांश – सार लेखन

खनिज तेल के बारे में एक बात और महत्त्व की जान लेना जरूरी है। धरती के नीचे लाखों साल पहले जो तेल जमा हो गया है उसमें अब तनिक भी वृद्धि नहीं हो रही है, अर्थात तेल के कुएं पानी के कुएं नहीं हैं। खनिज तेल का इस्तेमाल हम पिछले करीब सौ सालों से करते आ रहे हैं। इतने ही अर्से में काफी तेज खर्च किया जा चुका है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आगे के दो-तीन सौ वर्षों में संसार के सारे तेल भण्डार समाप्त हो जाएंगे। तब तेल भी एक दुर्लभ चीज हो जाएगा। इसलिए खनिज तेल को हमें बड़ी सावधानी से खर्च करना होगा। उपयोगी रसायनों और दवाइयों के लिए तेल को बचाए रखना जरूरी है।

प्रश्न 1. उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
2. अपठित गद्यांश का सार लिखिए।
3. तेल भविष्य में दुर्लभ वस्तु क्यों हो जाएगा ?

## मुहावरे (Idioms)

मुहावरा एक वाक्यांश है, जो सामान्य अर्थ का बोध न कराकर विशेष अर्थ का बोध कराता है। वाक्य में इसका प्रयोग क्रिया के समान होता है।

1. **अंग-अंग ढीला होना** - (बहुत थकावट का अनुभव करना)
   दस घंटे लगातार काम करने के कारण मेरा अंग-अंग ढीला हो गया।
2. **अँधेरे घर का उजाला** - (इकलौता पुत्र)
3. **अक्ल का दुश्मन** - (मूर्ख)
4. **अक्ल पर पत्थर पड़ना** - (समझ में न आना)
   तुमसे कितनी बार कहा कि सरकारी नौकरी में गलत काम न करो, किंतु तुम्हारी अक्ल पर पत्थर पड़ गए थे। अब भुगतो नतीजा।
5. **आकाश पाताल एक करना -** (पूरा प्रयत्न करना)
   दीक्षान्त समारोह को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अकादमी के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने आकाश पाताल एक कर दिया।
6. **आंखें बिछाना (पलकें बिछाना)** - (प्रेम से स्वागत करना)
   प्रधानमंत्री जी की इजराइल यात्रा के लिए वहां के प्रधानमंत्री ने आंखे बिछा दीं।
7. **आधा तीतर आधा बटेर -** **(**एक विचार का न होना)
   आज लोगों पर विश्वास करना कठिन है। अधिकांश आधे तीतर आधे बटेर हैं।
8. उड़ती चिड़िया पहचानना - (दूसरे के मन की बात जान लेना)
   मनोज को धोखा देना कठिन है। वह उड़ती चिड़िया पहचानता है।

9. उल्टी गंगा बहाना (नियम के विरुद्ध कार्य करना)
   डी.ओ.पी.टी. के प्रशासनिक अधिकारी को प्रशासन सिखाना उल्टी गंगा बहाना है।

10. कलेजे पर सांप लोटना (ईर्ष्या से जलना)
    नई गाड़ी लेने पर सुरेश के पड़ोसी ने उसे बधाई तो दी पर अंदर ही अंदर उसके कलेजे पर सांप लोट रहे थे।

11. कान पर जूं न रेंगना (कुछ असर न होना)
12. कान भरना (चुगली करना)
13. काला अक्षर भैंस बराबर (बिलकुल अनपढ़)
14. उंगली पर नचाना (अपनी इच्छानुसार काम लेना)
15. बात का धनी होना (वचन या निश्चय का पक्का होना)
16. कांटे बिछाना (रुकावट डालना)
17. कोल्हू का बैल (बहुत अधिक मेहनत करने वाला)
18. कंगाली में आटा गीला (अभाव की स्थिति में हानि होना)
19. गर्दन पर सवार होना (अपनी बात मनवाने के लिए बुरी तरह पीछे पड़ना)
20. गागर में सागर भरना (थोड़े शब्दों में बहुत अधिक कहना)
21. जमीन पर पैर न रखना (फूला न समाना)
22. नाकों चने चबवाना (बहुत अधिक तंग करना)
23. फूटी आंख न भाना (जरा सा भी अच्छा न लगना)
24. मिट्टी का माधो (मूर्ख)
25. माथा ठनकना (संदेह होना)
26. रंग जमाना (आनन्द का अवसर बनाना/प्रभावपूर्ण प्रस्तुति)
27. विष उगलना (कड़वी अथवा कठोर बात कहना)

**लोकोक्तियां (Proverb)**

लोकोक्ति एक स्वतंत्र वाक्य है, जिसमें एक पूरा भाव छिपा रहता है। इसका प्रयोग वक्ता अपने कथन की पुष्टि के लिए करता है।

1. अक्ल बड़ी या भैंस (शरीर बड़ा होने की अपेक्षा बुद्धि बड़ी होनी चाहिए)
2. अधजल गगरी छलकत जाय (कम ज्ञान अथवा थोड़े धन वाला व्यक्ति दिखावा अधिक करता है)
3. आम के आम गुठलियों के दाम (दोहरा लाभ)
4. आगे कुआं पीछे खाई (दोनों ओर मुसीबत)
5. आ बैल मुझे मार (जान-बूझकर अकारण विपत्ति मोल लेना)
6. एक हाथ से ताली नहीं बजती (एक पक्ष झगड़े का कारण नहीं हो सकता) (केवल एक पक्ष के चाहने से शांति नहीं हो सकती)
7. एक म्यान में दो तलवारें नहीं समा सकतीं (दो शक्तिशाली व्यक्ति एक साथ नहीं रह सकते)
8. एक मछली सारे तालाब को गंदा कर देती है (एक के दोष के कारण सब दोषी माने जाते हैं)
9. कोयले की दलाली में मुंह काला (कुसंगति अथवा दोषपूर्ण काम में लगने से बदनामी होती है)
10. कौआ चला हंस की चाल (बुरे व्यक्ति द्वारा अच्छा व्यक्ति बनने का दिखावा करना)
11. खोदा पहाड़ निकली चुहिया (अधिक परिश्रम का कम फल प्राप्त होना)

**वाक्य शुद्धि**

1. वह दण्ड देने योग्य है (वह दण्ड पाने योग्य है)
2. मैंने आज जाना है (मुझे आज जाना है )
3. वहां अनेकों लोग उपस्थित थे (वहां अनेक लोग उपस्थित थे)
4. आज वहां राम ने जाना है (आज वहां राम को जाना है )
5. वह लोग आ गए हैं (वे लोग आ गए हैं)
6. यह सारा काम मैंने करा है (यह सारा काम मैंने किया है)
7. मकान की बायीं ओर सड़क है (मकान के बायीं ओर सड़क है)
8. इस मकान के गिरने का संदेह है (इस मकान के गिरने की संभावना है)
9. यहां नहीं लिखो (यहां मत लिखो)
10. इन सबों ने काम नहीं करा (इस सबने काम नहीं किया)
11. दादा जी रेलगाड़ी पर आया है (दादाजी रेलगाड़ी से आये हैं)
12. तेरे को पिताजी ने तुरन्त बुलाया है (तुझे पिताजी ने तुरन्त बुलाया है)
13. भयानक दृश्य देखकर हमारा तो प्राण निकल गया (भयानक दृश्य देखकर हमारे तो प्राण निकल गए)
14. तुम तुम्हारे घर अभी चले जाओ (तुम अपने घर अभी चले जाओ)
15. हमारे से कोई काम नहीं हो सकता (हमसे कोई काम नहीं हो सकता)
16. सभा में उपस्थित हरएक सदस्यों का यही मत था (सभा में उपस्थित प्रत्येक सदस्य का यही मत था)
17. मेरे को प्रात: उठना अच्छा लगता है (मुझे प्रात: उठना अच्छा लगता है )
18. वह लौट आए (वह लौट आया) (वे लौट आए)
19. हमने इसको विचार लिया (हमने इसे विचार लिया)
20. वह कहा कि मैं लिखूंगा (उसने कहा कि मैं लिखूंगा)
21. बाजार से एक फूलों की माला ले आओ (बाजार से फूलों की एक माला ले आओ)
22. मेरे को मिठाई अच्छी नहीं लगती (मुझे मिठाई अच्छी नहीं लगती)
23. गोपियों ने कृष्ण को अनेकों संदेश भेजे (गोपियों ने कृष्ण को अनेक संदेश भेजे)
24. बच्चों से गुस्सा मत करो (बच्चों पर गुस्सा मत करो)
25. इस कमरे में कौन का सामान है (इस कमरे में किसका सामान है)
26. मेरी निगाह मेरे मित्र की ओर थी (मेरी नजर अपने मित्र की ओर थी)
27. मुझको घर जाना है (मुझे घर जाना है)
28. हम आपसे कहे थे (हमने आपसे कहा था)

**निम्न के हिंदी अर्थ लिखें -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | Sphere of duty | 2) | Impartial judgement |
| 3) | In lieu of | 4) | Kept in abeyance |
| 5) | Henceforth | 6) | Demi-Official Letter |
| 7) | Casual Leave | 8) | Undue influence |
| 9) | Subject to confirmation | 10) | Additional Director |
| 11) | Rules of procedure | 12) | Terms and conditions |
| 13) | Public Information Officer | 14) | Proceedings |
| 15) | Associate Professor | 16) | Substantial damage |
| 17) | Utter ignorance | 18) | Gazette notification |
| 19) | Exclusive right | 20) | In accordance with |
| 21) | Irrevocable decision | 22) | Just and reasonable |
| 23) | Laid down in | 24) | Knowingly and unlawfully |
| 25) | In general | 26) | Entrusted with |
| 27) | Public Interest Litigation | 28) | Special Leave Petition (SLP) |
| 29) | Decided on merits | 30) | Accepted provisionally |

2. आपकी पत्नी/पति किसी अन्य क्षेत्र (शहर) में सरकारी सेवा में तैनात हैं। अपने सर्वोच्च अधिकारी के समक्ष इस आशय का आवेदन प्रस्तुत करें कि आप भी अपनी पत्नी/पति की नियुक्ति के शहर में अपनी तैनाती चाहते हैं अत: आपका स्थानांतरण कर दिया जाए।

3. हाल ही में आपका विवाह हुआ है और आपकी पत्नी/पति आपको आबंटित राज्य काडर से अलग किसी राज्य में हैं और सरकारी कर्मचारी हैं। इस आधार पर आप भारत सरकार के समक्ष यह अनुरोध पत्र प्रस्तुत करें कि आपका काडर बदलकर आपके पति/पत्नी के राज्य में आबंटित कर दिया जाए।

4. निम्न के अंग्रेजी पर्याय लिखें –

1. शासकीय पत्र
2. कार्यालय ज्ञापन
3. ज्ञापन
4. अर्धशासकीय पत्र
5. कार्यालय आदेश
6. आदेश
7. सूचना
8. पृष्ठांकन
9. अधिसूचना
10. संकल्प
11. अनुस्मारक
12. परिपत्र
13. अनौपचारिक टिप्पणी
14. निविदा सूचना
15. प्रेस विज्ञप्ति

**निम्न वाक्यों को शुद्ध करो -**

1. वह दण्ड देने योग्य है
2. मैंने आज जाना है
3. वहां अनेकों लोग उपस्थित थे
4. आज वहां राम ने जाना है
5. वह लोग आ गए हैं
6. यह सारा काम मैंने करा है
7. मकान की बायीं ओर सड़क है
8. इस मकान के गिरने का संदेह है
9. यहां नहीं लिखो
10. इन सबों ने काम नहीं करा
11. दादा जी रेलगाड़ी पर आया है
12. तेरे को पिताजी ने तुरन्त बुलाया है
13. भयानक दृश्य देखकर हमारा तो प्राण निकल गया
14. तुम तुम्हारे घर अभी चले जाओ
15. हमारे से कोई काम नहीं हो सकता
16. सभा में उपस्थित हरएक सदस्यों का यही मत था
17. मेरे को प्रात: उठना अच्छा लगता है
18. वह लौट आए
19. हमने इसको विचार लिया
20. वह कहा कि मैं लिखूंगा
21. बाजार से एक फूलों की माला ले आओ
22. मेरे को मिठाई अच्छी नहीं लगती
23. गोपियों ने कृष्ण को अनेकों संदेश भेजे
24. बच्चों से गुस्सा मत करो
25. इस कमरे में कौन का सामान है
26. मेरी निगाह मेरे मित्र की ओर थी
27. मुझको घर जाना है
28. हम आपसे कहे थे

**इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी**

**न्यू फॉरेस्ट - देहरादून**

भारतीय वन सेवा परीक्षा (पाठ्यक्रम: 2016-18)

समय: 2 घंटे पूर्णांक: 75

## विषय- **राष्ट्रभाषा हिन्दी**

नोट: 1. लिखित परीक्षा के उपरांत मौखिक परीक्षा ली जाएगी। Written exam will be followed by viva-voce.
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। All questions are compulsory.
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। All questions carry equal marks.
4. उत्तर पुस्तिका में कहीं भी अपना नाम न लिखें। Do not write your name anywhere on answer-booklet.

प्रश्न 1: **निम्न में से किसी एक गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए –**

i) Pollution is the mixing of some harmful or poisonous materials into the natural resources available on the earth. It affects the ordinary living of the living things on this planet by disturbing the natural life cycle. Pollution can be of many types like noise pollution, air pollution, soil pollution, water pollution, etc. Air pollution is increasing day by day because of the growing number of automobiles, release of poisonous gases, smoke from industrial companies, liquid aerosols, etc in the atmosphere. The air we breathe every moment causes several lungs disorders. In this way soil and water pollution is also caused by the mixing up of the sewage water which may have germs, viruses, harmful chemicals, etc. in drinking water. We need to follow all the control measures implemented by the government to check its harmful effects.

ii) It was the very pleasant and fine morning, weather was also fine and the cold winds were blowing . All my tiredness of work had gone away due to proper sleep and I was feeling much relaxed so, I made my mood to have a coffee in order to enjoy this government holiday along with the sweet voice of radio. Quickly I turned to my kitchen and prepared a coffee for me within 5 minutes itself. Then According to my plan I began to enjoy coffee along with news headlines and songs on radio.
After some 5-10 minutes when I had the first sip of coffee, the program on radio had turned to a show named "Sacchi Kahaniyan". This show was all about true life stories, and I was frozen for a minute when I heard my friend Vishal is telling about the experience of our trip to a "forest". Slowly and slowly as he start speaking about our trip, I began to fell down in those moments when we have planned a visit to forest and finally completed it.

क्रमश: .... contd…

प्रश्न 2: **निम्न में से किसी एक गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए –**

i) जो पानी की बरबादी करते हैं, उनसे मैं यही पूछना चाहता हूँ कि क्या उन्होंने बिना पानी के जीने की कोई कला सीख ली है, तो हमें भी बताए, ताकि भावी पीढ़ी बिना पानी के जीना सीख सके। नहीं तो तालाब के स्थान पर मॉल बनाना क्या उचित है? पानी को बरबाद करने वालों को यह समझ लेना चाहिए कि उनकी यह आदत उन्हें बरबाद करके रहेगी। आज यदि आपने पानी की बरबादी की तो निश्चित रूप से कल आपकी पीढ़ियां उसका मूल्य चुकाएंगीं। क्या आप स्वयं को इतना सक्षम बना पाओगे कि अपने प्रियजनों को प्यास से तड़पता देख सकोगे? अगर नहीं, तो आज से ही नहीं, बल्कि अभी से पानी की एक-एक बूँद को सहेजना शुरू कर दो। अगर ऐसा नहीं किया, तो मारे जाओगे।

ii) वैश्विक तापमान यानी ग्लोबल वार्मिंग आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। इससे न केवल मनुष्य, बल्कि धरती पर रहने वाला प्रत्येक प्राणी प्रभावित है। ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए दुनियाभर में प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन समस्या कम होने के बजाय साल-दर-साल बढ़ती ही जा रही है। चूंकि यह एक शुरुआत भर है, इसलिए अगर हम अभी से नहीं संभले तो भविष्य और भी भयावह हो सकता है। ग्लोबल वार्मिंग के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार मनुष्य और उसकी गतिविधियां ही हैं। अपने आप को इस धरती का सबसे बुद्धिमान प्राणी समझने वाला मनुष्य अनजाने में या जानबूझकर अपने ही भविष्य को खत्म करने पर तुला हुआ है। मनुष्य जनित गतिविधियों से कार्बन डायआक्साइड, मिथेन, नाइट्रोजन आक्साइड आदि ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा में बढ़ोत्तरी हो रही है और धरती के तापमान में वृद्धि हो रही है।

प्रश्न 3- **निम्नलिखित में से किन्हीं 15 के हिन्दी रूप लिखिए –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | In-toto | ii) | Public Information Officer |
| iii) | Extraordinary leave | iv) | Sphere of duty |
| v) | Earned leave | vi) | Demi-Official Letter |
| vii) | In lieu of | viii) | Casual Leave |
| ix) | Per capita | x) | Prima facie |
| xi) | No objection certificate | xii) | Secretary |
| xiii) | Action is underway | xiv) | Gazette notification |
| xv) | Quality control | xvi) | As directed |
| xvii) | Day to day | xviii) | Inter alia |
| xix) | In the light of | xx) | Hereafter |

प्रश्न 4- **निम्नलिखित में से किन्हीं 15 के अंग्रेजी रूप लिखिए –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | वानिकी | ii) | कार्यालय ज्ञापन |
| iii) | कार्यालय आदेश | iv) | व्यावहारिक ज्ञान |
| v) | मामला विचाराधीन है | vi) | मैं सहमत हूँ |
| vii) | कृपया पावती भेजिए | viii) | अधिसूचना |
| ix) | भारतीय वन सर्वेक्षण | x) | केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना |
| xi) | वनोपज | xii) | कृपया चर्चा करें |
| xiii) | अनुस्मारक | xiv) | मुख्य वन संरक्षक |
| xv) | अंतरराष्ट्रीय | xvi) | कमर कसना / तैयार होना |
| xvii) | अटल निर्णय | xviii) | निष्पक्ष निर्णय |
| xix) | दृष्टिकोण | xx) | अनावश्यक देरी |

प्रश्न 5- **निम्न में से केवल एक करें –**

i) आपके कार्यालय में विभागीय परीक्षा के माध्यम से लिपिक (क्लर्क) के चयन हेतु प्राधिकृत चयन समिति की बैठक आगामी 5 अप्रैल 2018 को की जानी है। समिति के चार सदस्यों का ब्यौरा देते हुए बैठक के आयोजन की सूचना का मसौदा तैयार करें।

ii) अपनी बीमारी के आधार पर 5 दिन की चिकित्सा-छुट्टी स्वीकृत कराने हेतु निदेशक, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी के नाम एक प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करें।

***

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी
न्यू फॉरेस्ट - देहरादून
भारतीय वन सेवा परीक्षा (पाठ्यक्रम: 2016-18)

समय: 2 घंटे पूर्णांक: 75

## विषय- **क्षेत्रीय भाषा (हिन्दी)**

नोट: 1. लिखित परीक्षा के उपरांत मौखिक परीक्षा ली जाएगी। Written exam will be followed by viva-voce.
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। All questions are compulsory.
3. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं। Marks are placed against each question.
4. उत्तर पुस्तिका में कहीं भी अपना नाम न लिखें। Do not write your name anywhere on answer-booklet.

प्रश्न 1: **निम्न में से किसी एक गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए –** 15 अंक

i) There was a time when the term 'Social Media' wasn't even coined. A time when there was plenty of time available with everyone, when the most amazing news, gossips, stories, and realities used to traversed from one mouth to the other. Most interesting and engaging narratives were grandmother's fables. Man to man communication was the most prominent medium of information sharing. People used to write letters for formal as well as informal purposes which used to reach to its destination in weeks. Listening to national or international news was solely dependent on All India Radio and some scarcely available news papers. Communication was a time taking process altogether. Slowly this scenario changed and the place of Radio and news papers was acquired by one of the most incredible innovation of human mind, television.

ii) Social media is a controversy topic in today's society. Some people think that social media destroys human interaction and real life human relationships. While others think that social media is a bless to humanity. Social media makes human interaction much more convenient and much faster than real life human interaction, it makes globalization a reality, it gives a chance for introverted people to express themselves, and it also benefit develop international relationships whether its business or social. Social media has made communication a lot more easier than ever before. Now, with a touch of a button people could communicate with anybody anywhere in the world. Websites such as Facebook makes communication with others an easy task. Facebook is considered to be one of the most popular social media websites, most of the people use it as a substitute for real life human interaction.

प्रश्न 2: **निम्न में से किसी एक गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए –** 15 अंक

i) जंगल प्रकृति की बहुत बड़ी देन हैं। कुछ लोग जब हजारों मील तक फैले जंगलों को देखते हैं तो यह सोचते हैं कि धरती के इतने बड़े हिस्से व्यर्थ क्यों पड़े हैं। इनके स्थान पर बड़े-बड़े नगर बसाए जा सकते है। परंतु वे यह नहीं जानते कि मनुष्य की खुशहाली तथा सुख के लिए ये जंगल अनिवार्य हैं। जिस प्रकार किसी बड़े शहर के स्वास्थ्य के लिए बाग तथा तालाब होना आवश्यक है इसी प्रकार किसी देश के स्वास्थ्य के लिए जंगलों का होना अनिवार्य है। देश रूपी शरीर में जंगल फेफड़ों की भांति हैं। जिस प्रकार फेफड़े न हों तो व्यक्ति की सांस घुट जाती है, उसी प्रकार यदि जंगल न हों तो देश की सांस घुट जाएगी। मनुष्य सदा प्रकृति की इस महान सुंदर रचना की ओर आकर्षित होता रहा है। पुरातन काल में ऋषि जंगलों में रहकर तपस्या करते थे। शायद ही कोई ऐसा भारतीय महापुरुष होगा जिसका संबंध वनों से न रहा हो। प्रारंभ में जब शहर तथा बस्तियां नहीं बसी थीं तब जंगल ही मनुष्य का घर था। आज भी जब हम शहरों मैं बाग लगाते हैं तो इसके पीछे भी मनुष्य की हरियाली को अपने समक्ष पाने की इच्छा रहती है।

क्रमश: .... contd…

ii) हमारा देश सचमुच ही बड़ा महान देश है। मेरे देश की सभ्यता बहुत पुरानी है संसार की सबसे पुरानी पुस्तक वेद की रचना भी इसी देश में हुई है। भारत एक अधिक जनसंख्या वाला देश है जो प्राकृतिक रूप से सभी दिशाओं से सुरक्षित है। यह संसारभर में अपनी महान संस्कृति और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध देश है। भारत के उत्तर में हिमालय पर्वत है जो संसारभर के प्रसिद्ध सबसे ऊंचे पर्वतों में से एक है। भारत की धरती पर ही विवेकानंद जैसे महापुरुषों ने जन्म लिया जिन्होंने भारत की संस्कृति व सभ्यता का परिचय अन्य देशों को भी कराया। भारत में हिन्दू, सिख, इसाई और मुस्लिम आदि धर्मों के लोग तथा अनेक जातियों के लोग प्रेम से रहते हैं और यहां दिवाली, होली, क्रिसमस और ईद आदि त्योहार बड़ी शान से मनाये जाते हैं जिन्हें सभी धर्मों के लोग एक साथ मिलकर मनाते हैं। ये त्योहार हमें अनेकता में एकता का संदेश देते हैं।

प्रश्न 3- **निम्नलिखित में से किन्हीं 15 के हिन्दी रूप लिखिए –** 15 अंक

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | Henceforth | ii) | Public Interest Litigation |
| iii) | Gross Amount | iv) | In accordance with |
| v) | Laid down in | vi) | Office Order |
| vii) | Embezzlement of money | viii) | Mutual agreement |
| ix) | Per annum | x) | Per mensem |
| xi) | No dues certificate | xii) | Additional Secretary |
| xiii) | Maternity leave | xiv) | Notice |
| xv) | I agree | xvi) | On the advice of |
| xvii) | On an average | xviii) | May please see |
| xix) | Please discuss | xx) | Prior approval |

प्रश्न 4- **निम्नलिखित में से किन्हीं 15 के अंग्रेजी रूप लिखिए –** 15 अंक

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण | ii) | भारतीय वन्यजीव संस्थान |
| iii) | परिवीक्षार्थी | iv) | मजिस्ट्रेट |
| v) | सतर्कता अधिकारी | vi) | उत्तर का मसौदा प्रस्तुत है |
| vii) | जरूरी कार्रवाई कर दी गई है | viii) | किसी भी अवस्था में |
| ix) | सौंपना | x) | न्यायोचित कारण |
| xi) | वानिक / वनिक | xii) | निजी सचिव |
| xiii) | महानिदेशक | xiv) | अधिसूचना |
| xv) | प्रति व्यक्ति | xvi) | विशेषज्ञों का पैनल |
| xvii) | अनौपचारिक टिप्पणी | xviii) | निविदा सूचना |
| xix) | प्रस्ताव अपने-आप में स्पष्ट है | xx) | कृपया पावती भेजिए |

प्रश्न 5- **निम्न में से केवल एक करें –** 10 अंक

i) अपने पिता अथवा अभिभावक को पत्र लिखें जिसमें अकादमी और हॉस्टल परिसर के विषय में बताते हुए अपने प्रशिक्षण के विषय में सूचित करें।

ii) हाल ही में आपका विवाह हुआ है और आपकी पत्नी/पति आपको आबंटित राज्य काडर से अलग किसी अन्य राज्य में हैं और सरकारी कर्मचारी हैं। इस आधार पर आप भारत सरकार के समक्ष यह अनुरोध पत्र प्रस्तुत करें कि आपका काडर बदलकर आपके पति/पत्नी के राज्य में आबंटित कर दिया जाए।

प्रश्न 6- निम्न वाक्यों को पढ़कर शुद्ध रूप में लिखें - 05 अंक

i) मैंने आज दिल्ली जाना है।

ii) वह लोग आ गए हैं।

iii) यह सारा काम मैंने करा है।

iv) इन सबों ने काम नहीं करा।

v) दादा जी रेलगाड़ी पर आया है

***

# <u>प्रतिपूरक कार्य अभ्यास</u>

प्रश्न 1: **निम्न गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए –**

God has made humans as a combination of vices and virtues. To live harmoniously in the society, one must strive to cause as less inconvenience to others as possible. On the contrary, practicing honesty, altruism, tolerance, hard work, compassion, forgiveness and patriotism makes a man's existence meaningful, congenial, and worthy of praise. Sant Kabir, Madame Curie, Ishwar Chandra Vidyasagar, Swami Vivekananda, Mahatma Gandhi are some of these individuals whose contribution to human well being will remain indelible in the sands of time. Some wicked members of the society lack human values and professional ethics, and lead the masses the wrong way. A person of high morals and ethical values is much less likely to be affected by the worldly temptations.

प्रश्न 2: **निम्न गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए –**

भारत में वनों के वैज्ञानिक प्रबंधन का इतिहास 1864 से आरंभ होता है जब सर डायट्रिच ब्रैंडिस भारत के पहले वन महानिरीक्षक के रूप में नियुक्त हुए। इसी के साथ वनों के सर्वेक्षण, सुरक्षा और प्रबंधन के लिए एक अलग विभाग की स्थापना की गई। सर डायट्रिच ब्रैंडिस ने देश में वनों के प्रशासन और उनके संरक्षण में सहायता के लिए पूर्णत: योग्य एवं वैज्ञानिक ढंग से प्रशिक्षित अधिकारियों के कैडर की आवश्यकता को पहचाना। उन्होंने देश के वनों के प्रबंधन में प्रशिक्षित वन अधिकारियों को लगाये जाने की सिफारिश की। उनकी इसी सिफारिश के आधार पर मि. विलियम श्लिच और मि. रिबनट्रॉप को वर्ष 1868 में इम्पीरियल फॉरेस्ट सर्विस में विशेष सहायक संरक्षकों के रूप में भर्ती किया गया। वन सेवा में भर्ती होने वाले अधिकारियों का फ्रांस और जर्मनी में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाने लगा।

प्रश्न3: **<u>निम्न वाक्यों को शुद्ध करो -</u>**

1. वह दण्ड देने योग्य है
2. मैंने आज मुंबई जाना है
3. वहां अनेकों लोग उपस्थित थे
4. आज वहां राम ने जाना है
5. वह लोग आ गए हैं
6. यह सारा काम मैंने करा है
7. मकान की बायीं ओर सड़क है
8. इस मकान के गिरने का संदेह है
9. यहां नहीं लिखो
10. इन सबों ने काम नहीं करा
11. दादा जी रेलगाड़ी पर आया है
12. तेरे को पिताजी ने तुरन्त बुलाया है
13. भयानक दृश्य देखकर हमारा तो प्राण निकल गया
14. तुम तुम्हारे घर अभी चले जाओ
15. हमारे से कोई काम नहीं हो सकता
16. सभा में उपस्थित हरएक सदस्यों का यही मत था
17. मेरे को प्रात: उठना अच्छा लगता है
18. वह लौट आए
19. हमने इसको विचार लिया
20. वह कहा कि मैं लिखूंगा

प्रश्न4: अकादमी से प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत अपने संबंधित कैडर के कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने संबंधी रिपोर्ट हिंदी में प्रस्तुत करें।

***********

पत्रांक- 2018/रावअ/राजभाषा
राजभाषा अनुभाग
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी
दिनांक- 02.04.2018

सेवा में,

परीक्षा नियंत्रक
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी
देहरादून

विषय- **2016-18 पाठ्यक्रम के भावसे (परि) के परीक्षा के प्रश्न-पत्र तैयार करने के संबंध में।**

संदर्भ- 1. आपका दिनांक 26.03.2018 का पत्र सं. 309/18-रावअ(प.अ.)सत्र 2016-18 और
2. आपका दिनांक 26.03.2018 का पत्र सं. 313/18-रावअ(प.अ.)सत्र 2016-18

महोदय,

आपके उपर्युक्त पत्रों में निहित निदेश के अनुसरण में भा.व.से.(परि.) 2016-18 पाठ्यक्रम के परिवीक्षार्थियों की परीक्षा के संबंध में निम्नलिखित विषयों के प्रश्नपत्र सीलबंद लिफाफे में यथानिदेश संलग्न हैं –

1. राष्ट्रभाषा हिंदी - 1 सैट
2. क्षेत्रीय भाषा (हिंदी) - 1 सैट

भवदीय,

(अमित कुमार रुहेला)
हिंदी अनुवादक
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी

संलग्न – यथोपरि (02 सैट)

## इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी

## न्यू फॉरेस्ट - देहरादून

भारतीय वन सेवा परीक्षा (पाठ्यक्रम: 2016-18)

समय: 2 घंटे पूर्णांक: 75

### विषय- **राष्ट्रभाषा हिन्दी**

नोट: 1. लिखित परीक्षा के उपरांत मौखिक परीक्षा ली जाएगी। Written exam will be followed by viva-voce.
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। All questions are compulsory.
3. उत्तर पुस्तिका में कहीं भी अपना नाम न लिखें। Do not write your name anywhere on answer-booklet.

प्रश्न 1: **निम्न में से किसी एक गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए –** **15 अंक**

i) Social media is any website that allows social interaction. Social media is growing rapidly throughout the world. More adults and teenagers are joining sites such as Facebook, MySpace, and Twitter to interact with friends, family and even strangers. The introduction of social media has changed the world in many ways. It affects each individual in different ways. Today it can be used as a very helpful tool in changing a person's life, but at the same time cause such conflicts which can negatively impact a person. While there are some negatives associated with social media, the positives in communication all around, has made the world stronger and a better place to live in. Social media has many positive effects on the society.

ii) The earth has been changing for many years until now it is still changing because of modern lifestyle of human. Human activities include industrial production, burning fossil fuel, mining, cattle rearing or deforestation. First issue is industrial revolution. Industries have been using fossil fuels for power machines. Everything that we use is involved in fossil fuel. For example, when we buy a mobile phone, the process of making mobile phone have involve machines and machines uses fossil fuels, during the process carbon dioxide is releasing to the atmosphere. Besides industrial cause, transportation such as cars is also releasing carbon dioxide thereby increasing temperature of the mother earth.

प्रश्न 2: **निम्न में से किसी एक गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए –** **15 अंक**

i) स्वच्छ भारत मिशन या स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक विशाल जन आंदोलन है जोकि पूरे भारत में सफाई को बढ़ावा देता है। यह अभियान 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की 150 वीं जन्मदिन के अवसर पर शुरू किया गया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत को स्वच्छ भारत बनाने का सपना देखा और इसके लिए हमेशा कठिन प्रयास किये। राष्ट्रपिता के सपने को साकार करने के लिए भारत सरकार ने इस अभियान को शुरू करने का फैसला किया। इस मिशन का उद्देश्य सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को स्वचछ करना है ताकि दुनिया के सामने हम एक आदर्श देश का उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

क्रमशः .... contd…

ii) हिमालय न केवल पर्वतीय स्थानों अपितु मैदानी इलाकों के लिए भी जीवनदायी नदियों का स्रोत है। भारत में एक बड़े भूभाग को सिंचित करने वाली गंगा नदी का उद्गम स्थल गंगोत्री भी इसी हिमालयन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यह ग्लोबल वॉर्मिंग और पर्यावरणीय बदलावों का ही नतीजा है कि गंगोत्री ग्लेशियर के पिघलने की दर पिछले एक दशक में ही तीन गुना तक बढ़ गई है। आई.पी.सी.सी. की रिपोर्ट कहती है कि विश्व में अन्य स्थानों की अपेक्षा हिमालयी क्षेत्र के ग्लेशियर अधिक तेजी से सिकुड़ रहे हैं और यदि उनके पिघलने की यही गति बनी रही तो वर्ष 2035 तक उनके लुप्त होने की संभावना है।

प्रश्न 3- **निम्नलिखित में से किन्हीं 15 के हिन्दी रूप लिखिए –** **15 अंक**

1. In-toto
1. On behalf of
2. Extraordinary leave
3. Quality control
4. Earned leave
5. In general
6. In lieu of
7. Official Language
8. Waiting list
9. Demi-Official Letter
10. Per capita
11. Casual Leave
12. No objection certificate
13. Prima facie
14. Terms and conditions
15. Synopsis of the case
16. Action is underway
17. Secretary
18. Public Information Officer
19. Kept in abeyance

प्रश्न 4- **निम्नलिखित में से किन्हीं 15 के अंग्रेजी रूप लिखिए –** **15 अंक**

21. अधिसूचना
22. फैक्ट्री
23. ज्ञापन
24. व्यावहारिक ज्ञान
25. मामला विचाराधीन है
26. मैं सहमत हूँ
27. कृपया पावती भेजिए
28. आदेश के लिए प्रस्तुत है
29. भारतीय वन सर्वेक्षण
30. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना
31. वनोपज
32. कृपया चर्चा करें
33. कल्याण अधिकारी
34. महाप्रबंधक
35. अंतरराष्ट्रीय
36. मुख्य वन संरक्षक
37. प्रशासनिक अधिकारी
38. निदेशक
39. स्पष्टीकरण
40. वानिकी

प्रश्न 5- **निम्न में से केवल एक करें –** **10 अंक**

i) अपने पिता अथवा अन्य किसी संबंधी के नाम एक पत्र लिखें जिसमें अकादमी और हॉस्टल परिसर के विषय में बताते हुए अपने प्रशिक्षण के विषय में सूचित करें।

ii) अपनी बीमारी के आधार पर 5 दिन की चिकित्सा-छुट्टी हेतु निदेशक, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी के नाम एक प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करें।

**प्रश्न 6- निम्न में से 5 वाक्य शुद्ध रूप में लिखें -** **05 अंक**

i) क्या आज आप दिल्ली जा रहा है?

ii) वहां अनेकों लोग उपस्थित थे

iii) यहां नहीं लिखो

iv) पिताजी ने तेरे को तुरन्त बुलाया है

v) तुम तुम्हारे घर अभी चले जाओ

vi) दादा जी रेलगाड़ी पर आया है

vii) मकान की बायीं ओर सड़क है

viii) इन सबों ने काम नहीं करा

ix) भयानक दृश्य देखकर मेरा तो प्राण निकल गया

x) हमारे से कोई काम नहीं हो सकता